



## एक नजर में

### शिव महापुराण कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु



**मोहन बड़ोदिया, 21 जुलाई .** तहसील के ग्राम दुपाड़ा में गणेश पाटीदार समाज धर्मशाला में चल रही संगीतमयी शिव महापुराण कथा का वाचन दिनेश शर्मा लालाखेड़ी के मुखारविंद से किया जा रहा है . सोमवार दोपहर 1 बजे कथा के चतुर्थ दिवस में शिव पार्वती विवाह का मनोहारी वर्णन हुआ . जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाराती बनकर कथा श्रवण का आनंद लिया . कथा के दौरान मानव के सादगी पूर्ण जीवन यापन करने, अभिमान ना करने, परस्पर एक दूसरे के सहयोग करने पर भी गुरुदेव ने बताया . बता दे 18 जुलाई से प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक चल रही शिव महापुराण कथा का समापन 24 जुलाई गुरुवार को होगा .

### आवारा श्वान कर रहे मवेशियों का शिकार

**सोयतकलां, 21 जुलाई .** नगर के वार्ड क्रमांक एक व दो निशानिया मे आवारा कुत्तों का आंतक फैल गया है . आवारा कुत्ते लगातार मवेशियों को अपना निशाना बना रहे हैं . कुत्तों के डर से वार्डवासी दहशत में हैं . बच्चों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है . सोमवार को आवारा कुत्तों ने दो लोगों की पांच बकरियों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया . इसके पहले भी कुत्तों ने अन्य ग्रामीणों के मवेशियों पर हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई . निशानियां के भेरूलाल पिता कनीराम दांगी ने बताया सोमवार सुबह वह बकरियां लेकर चराने के लिए खेत गए थे . रास्ते में आवारा कुत्तों ने बकरियों पर हमला कर दिया . जिससे चार बकरियों व पाडियो की मौत हो गई . जिससे 40 हजार रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है . लोगों ने बताया पिछले एक सप्ताह से गांव और खेतों में कुत्तों ने आंतक मचाकर रखा है . कुत्तों के डर से अकेले खेत जाने में भी डर लग रहा है . झूंड में आकर कुत्ते मवेशियों पर हमला कर रहे हैं . जिससे गाव वालों का करीब 3 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है . लोगों ने पुलिस थाना व नगर परिषद में आवेदन सौंपकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की थी लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया . मामले में नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला संज्ञान में आया है . जल्द ही आवारा कुत्तों को पकड़ लिया जाएगा .

### प्रकरण दर्ज नहीं करने पर जयस ने किया थाने का घेराव



**सोयतकलां, 21 जुलाई .** पुलिस थाना सोयतकलां में एक आदिवासी युवक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज नहीं करने का आरोप लगाकर आदिवासी संगठन जयस ने रविवार शाम 6 बजे पुलिस थाने पहुंचकर थाने का घेराव किया . कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव करते हुए पुलिस पर लापरवाही व आदिवासी युवक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया . जयस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाया कि नयागांव के करणसिह दांगी व उनके परिजनों द्वारा आदिवासी युवक रोडुलाल पिता बालू भील निवासी छोटी सोयत के साथ 20 जून को जमीन विवाद को लेकर मारपीट की . युवक जब पुलिस में इसकी शिकायत करने पहुंचे तो पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की . आरोपी पीड़ित बुर्जुग को प्रतिदिन जान से मारने की धमकी दे रहा है .थाने का घेराव करने पहुंचे आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया . मौके पर पहुंचे जयस के कार्यकर्ता आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग पर अड़े रहे . इस दौरान थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला जमीन विवाद का है . पुलिस द्वारा रोड़ूलाल की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर 1 लाख का ब्रांड भरवाया है . कार्यकर्ताओं ने आरोपी पर प्रकरण दर्ज नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है . कार्यकर्ताओं में अखिल भारतीय समाज समिति अध्यक्ष ऋतुराज सिंह चौहान, आगर जयस अध्यक्ष सुनील ठाकुर, नलखेड़ा जयस अध्यक्ष गोपाल कोदिया, जयस उपाध्यक्ष पर्वत सिंह भिलाला, बनेसिह सिंह दांगी, कमल सिंह भिलाला, रामेश्वर भिलाला, पवन, सीताराम, कैलाश के साथ अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे .

### एक पेड़ मां के नाम : स्कूल में किया पौधारोपण



**सुसनेर, 21 जुलाई .** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल देहरिया में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया . जिसमें स्कूली बच्चों के अभिभावकों के साथ ही विकासखंड अधिकारी मुकेश तिवारी व जनप्रतिनिधि के रूप में गांव के सरपंच की मौजूदगी में स्कूली बच्चों व स्कूल परिवार ने मिलकर विभिन्न प्रजाति के दर्जनों पौधे लगाए . इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ से प्रभारी बबीता गुप्ता, रामलाल बोड़ाना, कन्हैयालाल परमार, अमिता राठौड़, संतोषसिंह, मंजू मेहर, राहुल राठौर, पीरूलाल मालवीय, दीपक सोनी उपस्थित रहे .

### घायल युवक को अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान



**सुसनेर, 21 जुलाई .** रविवार की रात 11 बजे के लगभग उज्जैन झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आगर रोड पर सड़क दुर्घटना में उमरिया निवासी 32 वर्षीय बाइक सवार राधेश्याम पिता भेरुजी गंभीर रूप से घायल हो गए . इस दौरान सड़क से गुजर रहे सुसनेर के युवा रूद्र शर्मा और जसवंत सिंह सिसोदिया ने उन्हें पुराना बस स्टैंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल में ले जाकर के उनकी जान बचाई और डॉक्टर हर्षिता टटवाल से घायल युवक का प्राथमिक उपचार करवाया है . इन युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए नगर के अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होने वाले लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया है .

# ऊं नम : शिवाय ग्रुप ने वितरित किए बिल्व पत्र व तुलसी के पौधे

## मंगलनाथ मंदिर में आने वाले भक्तों को पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरुक

**शाजापुर, 21 जुलाई. शहर के युवाओं ने धर्म की राह पर चलकर पर्यावरण संरक्षण की पहल की है. ऊं नम: शिवाय भक्त मंडल की ओर से श्रावण माह में शिव मंदिर परिसरों में बिल्व पत्र व तुलसी जी का पौधा वितरित कर उन्हें पौधा रोपित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. श्रावण के दूसरे सोमवार पर ऊं नम: शिवाय भक्त मंडल के सदस्यों ने एबी रोड स्थित श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर परिसर में बिल्व पत्र व तुलसी जी के पौधों का वितरण भक्तों को किया गया.**



भक्तों से इन पौधों को अपने घर में गमले, बगीचे या किसी खाली जगह पर लगाने का आग्रह किया. साथ ही उनसे निवेदन किया कि पौधे की नियमित रूप से देखभाल करें. भक्त मंडल के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को जब बिल्व पत्र के पौधों को वितरण किया, तो लोगों ने कहा कि अच्छा हुआ आपने पौधा दे दिया. हम कई दिनों से बिल्व पत्र का पौधा घर में लगाने की सोच रहे थे. अब यह पौधा घर के बगीचे में लगाएंगे और पेड़ बनने तक इसकी देखभाल करेंगे. इस अवसर पर संजय राठौर, जितेंद्र भावसार, पीयूष भावसार, धनराज गवली, मोहित व्यास, नरेंद्र भाटी, सुमित भावसार, नितिन रजावत, संदीप गुप्ता, विजय जोशी, अजय शर्मा, टीसी भालोट, मनोज आर्य मोनी काका, अभय भावसार, बंटी व्यास, कमल भावसार आदि उपस्थित थे.

### श्रावण मास में बिल्व पत्र का महत्व ...

बिल्व पत्र में भगवान शिव का वास होता है . ऐसे में रोजाना पौधे के पास घी की दीपक जलाएंगे . इससे भोलनाथ भी प्रसन्न होंगे . वातावरण में शुद्धता आएगी और घर का माहौल भी सकारात्मक रहेगा . यही वजह है कि लोग बिल्व पत्र प्रभु को अर्पित करते हैं . श्रावण माह में बिल्व पत्र मिलना बहुत मुश्किल होता है, जिसके चलते ऊं नम : शिवाय ग्रुप के सदस्यों ने इन पौधों का वितरण किया, ताकि लोगों को असानी से बिल्व पत्र उपलब्ध हो सके .

### कोई घर आंगन, तो कोई मंदिर में रोपेंगे पौधे ...

ऊं नम : शिवाय ग्रुप द्वारा वितरित किए गए बिल्व पत्र व तुलसी के पौधों का कोई भक्त घर आंगन में रोपण करेंगे, तो कोई मंदिर में, कुछ श्रद्धालुओं ने कहा बिल्व पत्र के पौधे हम गमले में लगाएंगे . इनके 4 से 5 फीट के होने तक हम उनकी देखभाल करेंगे . इसके बाद इन्हें किसी शिव मंदिर में रोप देंगे . मंदिर परिसर में पौधा जब पेड़ का रूप ले लेगा, तब वहां आने वाले भक्त बिल्व की पत्तियों को भगवान शिव को अर्पण कर सकेंगे . वहीं कुछ भक्तों ने कहा हम पौधों को हमारे आंगन, खलियान, घर के पास खाली जगह में लगाएंगे तथा बड़ा होने तक देखभाल करेंगे . जब यह पौधा पेड़ का रूप ले लेगा, तब आसपास के श्रद्धालु बिल्व की पत्तियों को तोड़कर मंदिर ले जा सकेंगे .



### जय शिव कावड़ एवं कलश यात्रा कार्यालय का शुभारंभ

**शाजापुर, 21 जुलाई.** 24 वर्ष पूर्व एक लघु रूप में प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा की पहल आज वृहद स्वरूप धारण करके जय शिव कांवड़ यात्रा के रूप में जिले की सबसे बड़ी धार्मिक पहचान बन चुकी है. आस्था और भक्ति का यह सिलसिला अब अपने रजत जयंती 25वें वर्ष में प्रवेश करके एक नया इतिहास रचने जा रहा है. 27 जुलाई को नगर में जय शिव का गगनभेदी जयघोष गूंजता सुनाई देगा. यह बात नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं जय शिव कावड़ यात्रा संघ के संस्थापक पं. संतोष जोशी ने वजीरपुरा में कावड़ एवं कलश यात्रा के कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कही. स्वागत भाषण संयोजक धर्मेंद्र प्रजापति ने दिया. बता दें 27 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे बाबा बालवीर हनुमान मंदिर पर महाआरती के उपरांत कावड़ एवं कलश यात्रा प्रारंभ होगी.

# सर्विस रोड पर दुकानदारों का कब्जा, राहगीरों की बढ़ रही परेशानी

## सड़कों पर पार्क हो रहे वाहन, बार-बार लग रहा जाम, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सुसनेर, 21 जुलाई. उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग शहरी क्षेत्र में बन तो गया, किन्तु अब यह भी धीरे-धीरे अतिक्रमण की जद में समाने लगा है. वाहन चालक इतने लापरवाह बने हुए हैं कि हाईवे के किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा कर रहे हैं. जिसके कारण वाहन की चौड़ाई कम रह जाती है. इस वजह से हर समय जाम और हादसे का डर लगा रहता है.**



वाहन चालकों की लापरवाही के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. लेकिन फिर भी जिम्मेदार इस और ध्यान देने को तैयार नहीं है. इधर नगरीय क्षेत्र में बनाई गई सर्विस रोड पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है. ऐसे में दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों के साथ ही वाहन भी मेन हाईवे किनारे ही खड़े हो रहे हैं. जो हादसो को न्यौता दे रहे हैं. ऐसी ही स्थिति पुराने पेट्रोल पंप से लेकर मोड़ी चौराहे तक बनी हुई है.

**हाईवे किनारे खड़े वाहन बनते हैं हादसों का कारण**

सड़क किनारे खड़े वाहनों की वजह से पीछे से आने वाले वाहन चालकों को आगे नहीं दिख पाता और दुर्घटना हो जाती है. सड़क किनारे खड़े वाहनों की वजह से मार्ग आधा घिर जाता है. सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर जुर्माना लगाया जाता है. अगर कोई वाहन सड़क किनारे खड़ा किया जाता है तो ट्रैफिक पुलिस और निगम क्रेन से उसे उठाकर थाने ले जाता है. वहां जुर्माना भरने के बाद ही वाहन छोड़ा जाता है. लेकिन नगर में ट्रैफिक पुलिस का अभाव होने के कारण यह कार्रवाई कभी भी शहर में नहीं हो पाई है.

### इन जगहों पर हाईवे पर ही खड़े रहते है वाहन

उज्जैन-झालवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहरी क्षेत्र में मोड़ी चौराहे के समीप, पुलिस थाने के सामने, परसुलिया चौराहे के समीप, त्रिमूर्ति मंदिर के बाहर, कृषि उपज मंडी के बाहर सर्विस रोड को छोड़कर मेन हाईवे पर ही चार पहीया से लेकर भारी वाहन खड़े रहते हैं . जिनको रोकने टोकने वाला कोई नहीं है . इनमें से अधिकांश जगह ऐसी है, जहां पर गैरेज की दुकानें संचालित है . जो वाहन खराब हो जाते है . उनको ठीक करने का कार्य गैरेज के कर्मचारियों के द्वारा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करके किया जाता है . जिसके चलते ये वाहन घंटों तक सड़क पर ही पार्क रहते है . इसी वजह से अच्छी खासी चौड़ी सड़क भी संकरी दिखाई देने लगती है . और जब तेज गति से वाहन इस मार्ग से गुजरते है तो हादसे हो जाते हैं .

# सेंगर अध्यक्ष, पांडे को बनाया संयोजक

## हिन्दू उत्सव समिति की वार्षिक बैठक में हुआ समिति का पुनर्गठन

**मक्सी, 21 जुलाई. रविवार को मक्सी स्थित भावसार धर्मशाला नया बाजार में हिन्दू उत्सव समिति मक्सी की वार्षिक बैठक संपन्न हुई. समिति की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन विधिवत रूप से संपन्न हुआ. जिसमें राघवेंद्र लल्लनसिंह सेंगर को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया.**



कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा मारकंडेश्वर महादेव एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना से हुआ. इस अवसर पर समिति के विभिन्न पदों हेतु सर्वसम्मति से चुनाव किया गया. कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारिणी के संरक्षक, अध्यक्ष, संयोजक एवं वरिष्ठजनों का स्वागत किया गया. कोषाध्यक्ष हरीश भावसार द्वारा विगत वर्ष का आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया. संयोजक डॉ. रवि पांडे ने वरिष्ठजनों से विचार विमर्श कर मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं नई कार्यकारिणी की घोषणा की.

**समिति में इन्हें मिला स्थान**

घोषित नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष राघवेंद्र लल्लनसिंह सेंगर, संयोजक डॉ. रवि पांडे, कोषाध्यक्ष हंसराज जैन, महामंत्री सुनील नानू पंड्या, योगेश भावसार, संजय जैन, भगवान मंडलोई, पार्षद, उपाध्यक्ष, मंत्री, विशेष आमंत्रित सदस्य, सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य अन्य प्रमुख दायित्व में स्वागत समिति व व्यवस्था प्रमुख हरीश पांडे, हरीश भावसार, पालकी सजावट प्रमुख रमेश चौधरी, धर्मेंद्र भावसार, प्रवीण लश्कन, गोपाल पटेल, ललित चौधरी, कमल पाटीदार, अखाड़ा प्रमुख भगवान मंडलोई, राजू लावरे, किशोर लोधी भजन गायक प्रमुख सुरेश मंडलोई, मदनलाल मंडलोई, रमेश दुबे, फतेसिंह देवड़ा, मीडिया प्रभारी हरीश भावसार, हर्षित, सोनू भावसार, सवंरक्षक व मार्गदर्शक मंडल शामिल हैं.

**18 अगस्त को निकलेगी बाबा की शाही सवारी...**

कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गई कि आगामी 18 अगस्त को मक्सी नगर में बाबा मारकंडेश्वर की भव्य शाही सवारी निकाली जाएगी. जिसकी तैयारियां समिति द्वारा जोरों से प्रारंभ कर दी गई हैं.

### प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए वस्त्रों का वितरण

**शाजापुर, 21 जुलाई.** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में सोमवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष टैगोर द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर का भ्रमण किया गया. संस्थान में संचालित महिला सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर विषय के नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण में सहभागिता कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर का स्वागत किया. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टैगोर ने गरीब बच्चो में महिला सिलाई प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाई गई पोशाकों का वितरण किया. साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्री टैगोर ने संस्थान परिसर में वृक्षारोपण भी किया. इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त मनोज जोशी, संस्थान निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान, संकाय जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, राजेश परमार, ऑफिस असिस्टेंट सुमित खत्री, सुश्री तन्वी सोनी, श्रीमती नीतु अग्निहोत्र उपस्थित थे.

# क्षेत्र के किसानों को दिया प्रशिक्षण



**मोहन बड़ोदिया, 21 जुलाई. ब्लॉक के ग्राम नागझिरी में सॉलिसारिडाड संस्था द्वारा पुनर्योजी कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत लीड किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया.**

जिसमें पुनर्योजी कृषि पद्धतियों के पांच सिद्धांत मृदा को ढंकना, मृदा में जीवित जड़े सुनिश्चित करना, पशुपालन को बढ़ावा देना, फसल विविधकरण को अपनाना, कम जुताई करना इसी के साथ जैविक खेती में केंचुआ खाद, वर्मी वाश वेस्ट डी कंपोजर, जैविक मलचिंग, जैविक किट नियंत्रण में पीला चिपचिपा कार्ड, खुटी, फेरोमेन ट्रेप आदि के प्रयोग की जानकरी दी गई एवं खरीफ फसल में उन्नत कृषि तकनीक खरपतवार नियंत्रण, किट नियंत्रण, पोषण प्रबंधन आदि पर भी जानकारी दी गई. साथ ही आईटीसी से उपस्थित सुनील द्वारा पशुपालन विभाग की योजना और टीकाकरण सहित अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में भी जानकरी दी गई. उक्त आयोजन सॉलिडरीडाड से जिला इंचार्ज नीतू चौहान द्वारा किया गया. इस अवसर पर लीड फार्मर विजेंद्र सिंह, निर्भय सिंह द्वारा बनाए गए वेस्ट डी कम्पोस्ट के घोल के अपने अनुभव साझा किए और अन्य किसानों को भी प्रेरित किया गया. साथ ही लीड किसान के डेमो प्लाट पर खुटी एवं येलो कार्ड जैविक किट नियंत्रण हेतु लगाए गए. आभार अरविन्द पाटीदार ने व्यक्त किया गया.

**एक नजर में** — सीएम राइज गुलाना की बसें बंद, कंपनी ने 4 महीने से नहीं किया भुगतान

# कुछ बच्चे पैदल, तो कुछ अभिभावकों के साथ पहुंचे स्कूल, कुछ गए ही नहीं

**शाजापुर, 21 जुलाई. गुलाना के डॉ. भीमराव अंबेडकर सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय में स्कूल बसों का संचालन सोमवार से रुक गया है. स्कूल की 20 बसें भुगतान न होने के कारण नहीं चल रही हैं. बस मालिकों को अप्रैल माह से भुगतान नहीं मिला है. बसों का संचालन बंद होने से कई बच्चे पैदल स्कूल पहुंचे, तो कुछ को अभिभावकों ने स्कूल तक छोड़ा.**




भुगतान की परेशानी के चलते 21 जुलाई से बसों का संचालन बंद करने का आवेदन विद्यालय प्राचार्य को दिया गया. साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर को भी एक महीने से वेतन नहीं मिला है. ड्राइवरों की दो साल की पीएफ राशि भी लंबित है. सांदीपनि विद्यालय गुलाना में प्राथमिक से हायर सेकेंडरी स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क बस सेवा दी जाती हैं. इन बसों से 2 से 18 किलोमीटर दूर के क्षेत्रों से बच्चों को लाया-ले जाया जाता है.

### भोपाल की कंपनी ने नहीं किया भुगतान

भोपाल की समाया ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड की ओर से समय पर भुगतान नहीं करने के कारण बस मालिकों ने बसें रोक दी हैं . इससे विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है . कई बच्चे पैदल या बाइक से स्कूल पहुंच रहे हैं . कुछ बच्चे स्कूल ही नहीं आ पा रहे हैं . बस सेवा बहाल होने तक छात्र-छात्राओं को अपने पालकों के साथ बाइक या अन्य साधनों से विद्यालय आना होगा . इस असुविधा के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी . वहीं खेतों में व्यस्त कई अभिभावकों को काम छोड़कर अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाना पड़ रहा है . अभिभावक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि इस समय किसानी का कार्य चल रहा है . सभी काम छोड़कर बच्चों को बस बंद होने के कारण बाइक से छोड़ने स्कूल आया हूं . छात्रा प्रतिमा सेन ने कहा कि बस बंद हो गई है तो पैदल आना पड़ा आज . गर्मी भी ज्यादा हो रही है . इससे बीमार भी हो सकते हैं . अभी पता नहीं है कब तक बस चालू होगी .

### वरिष्ठ अधिकारी के दी थी जानकारी ...

विद्यालय के प्राचार्य गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि बस मालिक और ड्राइवर 18 तारीख से बंद करना चाह रहे थे . तब आश्वासन पर मान गए थे, लेकिन बाद में सोमवार से हड़ताल पर जाना का कहने लगे . स्कूल ग्रुप और अभिभावकों को सूचना दी गई थी कि अपने बच्चों को अपने खुद स्कूल पहुंचाएं . यहां 20 बसों से 1307 बच्चे स्कूल आते हैं . आज बच्चों की संख्या भी काफी कम रही है . इस संबंध में मैंने वरिष्ठ अधिकारी को भी अवगत कर दिया गया था .

### जब तक भुगतान नहीं होता बसें रहेंगी बंद ...

बस ड्राइवर अमजद खां ने बताया है कि जब तक हमारा खाता में पेमेंट नहीं आता है, जब तक बस बंद रहेगी . ड्राइवरी करते-करते 2 साल हो गए . पीएफ नहीं मिल रहा है . कंपनी को भुगतान करना होगा .

*इनका कहना है*

*हमारी ओर से भुगतान कर दिया गया है. हमारे पास सबूत भी है. कंपनी ने ड्राइवर और बस मालिक का पेमेंट नहीं किया है. हमारी तरफ से इसी महीने का बाकी है. बस मालिक और ड्राइवर का विवाद है. हल करना चाहिए.*

*- डॉ. विवेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी-शाजापुर*